# विश्वविद्यालय के कुलपति को कर्नल कमांडेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया

पन्तनगर। 5 मई 2025। विश्वविद्यालय में स्थापित 1यू.के. आर एण्ड वी स्क्वेड्रन एनसीसी द्वारा आयोजित पिपिंग समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान को ग्रुप लीडर ब्रिगेडियर डा. भंडारी द्वारा विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती वीना चौहान, श्रीमती भंडारी, ग्रुप कैप्टन रावत तथा कमांडिंग ऑफिसर कर्नल भटनागर की उपस्थिति में बैज लगाकर कर्नल कमांडेंट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान मेरे लिए वैयक्तिगत गर्व का विषय ही नहीं अपितु विश्वविद्यालय के लिए एक अत्यन्त गौरव की बात है। एनसीसी के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी बहुत ही अनुशासित ढंग से विभिन्न कार्यक्रम को अंजाम देते है और उनका चयन भी विभिन्न रक्षा सेवाओं में होता है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट को अनुशासन के साथ–साथ देश की रक्षा के लिए अपने को क्रियाशील रखना चाहिए। एनसीसी के प्रति बचपन से ही मेरा बहुत लगाव रहा है और आज एनसीसी कैडेट के बीच सम्मानित होकर मैं अपने को धन्य समझ रहा हूँ। उन्होंने कहा कि हमें देश में आगे आने वाली चुनौतियों के लिए सदैव तत्पर रहना है क्योंकि देश भक्ति सर्वोपरि है।

ग्रुप लीडर ब्रिगेडियर डा. प्रभात भंडारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति एक मुर्धन्य वैज्ञानिक और कुशल प्रशासक है और रक्षा मंत्रालय द्वारा उनको कर्नल कमाडेण्ट की मानद उपाधि से सम्मानित करना मंत्रालय के लिए भी सम्मान की बात है। उनके कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय में एनसीसी का कार्य बहुत ही उच्च्य स्तर में चलाया जा रहा है और हम यह आशा करते है कि यहां से एनसीसी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कैडेट रक्षा सेवा में ही नहीं जिस भी क्षेत्र में होंगे पूरी ईमानदारी और तनमयता से योगदान देंगे।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में 1यू.के. आर एण्ड वी स्क्वेड्रन एनसीसी के कर्नल कमान अधिकारी शोमिर भट्नागर द्वारा सभी का स्वागत करते हुए कुलपति को कर्नल कमाडेण्ट की मानद उपाधि से सम्मानित किये जाने पर अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कुलपति द्वारा एनसीसी के सभी कार्यक्रमों को शत–प्रतिशत सहयोग करने की बात कही।

इस अवसर पर गणमान्य अतिथि, विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशकगण, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित रहे।